नोटिस नीलामी जनपद न्यायालय, फतेहपुर।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायायलय परिसर स्थित शासकीय आवास संख्या–ए–1, जो कि न्यायिक अधिकारी के रहने योग्य नहीं होने के कारण माननीय उच्च न्यायालय के पत्र संख्या–1383/इन्फ्रा. सेल दिनांक 08.08.2024 द्वारा उक्त आवास को गिरवाये जाने तथा मलबे की नीलामी करवाये जाने की अनुमति प्रदान की गयी है। उक्त आवास के मलबे की नीलामी दीवानी न्यायालय परिसर में दिनांक 15.10.2024 को दिन में दोपहर 02.00 बजे से 04.00 बजे के मध्य वित्तीय समिति के अध्यक्ष व सदस्यगण की उपस्थिति में जनपद न्यायालय, फतेहपुर परिसर में की जायेगी। जो लोग बोली में भाग लेना चाहे निर्धारित शर्तों की जानकारी हेतु निर्धारित समय के एक दिन पूर्व तक कार्यालय नजारत अनुभाग से सम्पर्क कर सकते है। उक्त आवास के मलबे की न्यूनतम मूल्य रू0 90872/– की दर से अधिकतम बोली बोलना चाहते हो तो वे दिनांक 15.10.2024 तक समय 02.00 बजे तक रू0 10,000/– की जमानत धनराशि जमा कर बोली में भाग ले सकते है। बोली बोलने के उपरान्त जमानत धनराशि वापस कर दी जायेगी। नीलामी में उच्चतम बोली बोलने वाले को दी जायेगी। नीलामी की स्वीकृत सम्पूर्ण धनराशि बोलीदार द्वारा तुरन्त जमा की जायेगी। नीलामी के पूर्व क्रेता किसी भी कार्य दिवस में नजारत अनुभाग में सम्पर्क कर उक्त निष्प्रयोज्य आवास का निरीक्षण कर सकते है। अधिकतम धनराशि के बोलीकर्ता को नीलामी के उपरान्त नियमानुसार स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय के पास सुरक्षित है।

18/9/2024

अध्यक्ष, वित्तीय समिति/
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
न्यायालय संख्या–1, फतेहपुर।

नोटिस की प्रति निम्न को अपने अपने नोटिस बोर्ड में आम जनता के सूचनार्थ चस्पा करने हेतु प्रेषित।

1– विशेष कार्याधिकारी, (कम्प्यूटर), माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद को इस सूचना को माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की वेबसाइट पर प्रदर्शित कराये जाने के अनुरोध के साथ प्रेषित।
2– नोटिस बोर्ड जिला जज न्यायालय।
3– कार्यालय न्यायालय प्रबन्धक, जनपद न्यायालय, फतेहपुर।
4– नाजिर सदर कलेक्ट्रेट, फतेहपुर।
5– नाजिर सदर विकास भवन, फतेहपुर।
6– नाजिर तहसील, फतेहपुर।
7– जिला सूचनाधिकारी, फतेहपुर।
8– मुख्य चिकित्साधिकारी, फतेहपुर।
9– सम्पादक दोआबा वार्ता निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
10– सम्पादक न्यूजवाणी निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
11– सम्पादक दोआबा दर्शन निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
12– प्रभारी अधिकारी, अमीन, फतेहपुर।
13– नोटिस बोर्ड नजारत जनपद न्यायालय, फतेहपुर।
14– सार्वजनिक स्थलों पर सूचना चस्पा हेतु।
15– कम्प्यूटर अनुभाग को इण्टरनेट पर विज्ञप्ति हेतु।

18/9/2024

अध्यक्ष, वित्तीय समिति/
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
न्यायालय संख्या–1, फतेहपुर।